अखिलेश यादव

मुख्य मंत्री
उत्तर प्रदेश

लाल बहादुर शास्त्री भवन
लखनऊ

प्रिय श्री मृत्युंजय कुमार,

वाणिज्य कर विभाग, उत्तर प्रदेश में आई.टी. का प्रभावी उपयोग कर ई–रजिस्ट्रेशन, ई–संचरण, ई–पारगमन, ई–असेसमेंट सहित सभी व्यापारिक सुविधाएँ ऑनलाइन प्लेटफार्म पर उपलब्ध करायी गयीं। इस अभूतपूर्व प्रयोग से व्यापारियों को लाभ मिलने के साथ–साथ विभाग के कार्यों में पारदर्शिता आयी है एवं विभागीय अधिकारियों का कार्य सरल हुआ है।

आई.टी. के क्षेत्र में वाणिज्य कर विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा किए गए कार्यों के आधार पर भारत सरकार के प्रतिष्ठित डिजिटल इण्डिया अवार्ड, 2016 में प्रोजेक्ट श्रेणी में सभी राज्यों के मध्य कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद सर्वोच्च ''प्लेटिनम'' डिजिटल इण्डिया पुरस्कार तथा प्रतिष्ठित CSI Nihilent पुरस्कार विभाग को प्राप्त हुआ, जो प्रदेश के लिए गौरव की बात है। आई.टी. के इस अभिनव प्रयोग में आपके योगदान की प्रशंसा करता हूँ तथा आपको व आपकी पूरी टीम को इसके लिए बधाई देता हूँ।

आपका,

(अखिलेश यादव)

श्री मृत्युंजय कुमार नारायण,
सचिव, लोक निर्माण,
तत्कालीन आयुक्त, वाणिज्य कर
उत्तर प्रदेश।